# मतगणना के इंतजार में बढ़ रही समर्थकों की धड़कनें

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव में झारखंड की सबसे हॉट खूंटी (सु) सीट के लिए 13 मई को वोट डाले गये थे। उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला चार जून को होगा। आयेगा। जैसे-जैसे मतगणना का इंतजार छोटा होता जा रहा है, वैसे ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें तेज होती जा रही हैं। चौक-चौराहा हो या होटल अथवा चायपान का ठेला, जहां भी दो-चार लोग जुटे और शुरू हो जाते हैं हार-जीत के दावे-प्रतिदावे। बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में एक ओर जहां भाजपा को अपना किला और भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को साख बचाने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे कालीचरण मुंडा के समक्ष लगातार हार के कलंक को धोने का चैलेंज है। एक ओर जहां इंडी गठबंधन के नेता और समर्थक कालीचरण मुंडा के जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं, वहीं भाजपा समर्थकों का कहना है कि भाजपा की लगातार जीत का सिलसिला जारी रहेगा। इंडी गठबंधन के नेताओं का दावा है कि कालीचरण मुंडा बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे, वहीं भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं का दावा है कि अर्जुन मुंडा पिछले चुनाव के मुकाबले बड़े अंतर से विजयी होंगे। कांग्रेस नेता कैसर खान, संजय यादव, शिवशंकर साहू, दीनानाथ साहू सहित कई नेताओं





का कहना है कि इस बार ईसाई मतों का बिखराव नहीं हुआ है। सरना आदिवासियों, रौतिया समाज के अलावा कुर्मी मतदाताओं में भाजपा के प्रति नाराजगी है और इसका खमियाजा उसे भुगतना पड़ेगा। वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि लगभग हर विधानसभा खासकर खरसावां, तमाड़ और कोलेबिरा में बम्फर वोटिंग हुई है। इसके साथ ही महिलाओं ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उनका कहना है कि इस संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी और राम मंदिर का मुद्दा भी भाजपा की नैया पार कराने में सहायक होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व पद्रेश अध्यक्ष कमाल खान दावा करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और देश के विकास को देखकर ईसाई और मुसलमानों ने भी इस बार भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा के एक अन्य नेता का तर्क है कि इस बार पूर्व मंत्री राजा पीटर के साथ ही आजासू सुप्रीमो सुदेश महतो का भरपूर साथ मिला है और इसका लाभ अर्जुन मुंडा का मिलेगा। भाजपा के एक नेता ने कहा कि भाजपा तोरपा, खूंटी और कोलेबिरा में कांग्रेस से पीछे रह सकती है, लेकिन खरसावां, सिमडेगा और तमाड़ में भाजपा उम्मीदवार काफी आगे रहेंगे और यही अंतर अर्जुन मुंडा की जीत का आधार होगा। चुनाव परिणाम चाहे जिसके पक्ष में जाए, पर दोनों इंडी गठबंधन और एनडीए दोनों के समर्थक भी मानते हैं इस बार भी दोनों मुंडाओं के बीच का मुकाबला कांटे का है।

## 2019 में महज 1445 मतों से जीते थे अर्जुन मुंडा

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस के इन्हीं दो मुंडाओं के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था, जिसमें अर्जुन मुंडा ने 1445 वोटों के अंतर से कालीचरण मुंडा को शिकस्त दी थी। उस संसदीय चुनाव में अर्जुन मुंडा को 382638 वोट मिले थे, जबकि कालीचरण मुंडा को 381193 मतों से संतोष करना पड़ा था।

### अवैध बालू के खिलाफ डीएमओ ने की बड़ी कारवाई, बालू माफिया में हड़कंप

# 16 हाइवा, एक जेसीबी, 2 लाख 40 हजार सीएफ्टी बालू जब्त, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** थाना अंतर्गत विरडीह गांव में शुक्रवार रात को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। रात भर छापेमारी अभियान चलने के बाद वीरडीह गांव से दो बालू लदा हाइवा, 14 खाली हाइवा, एक जेसीबी व 2 लाख 40 हजार सीएफटीबालू जब्त किया गया। जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल बाराती का वेष धारण किया। सभी वाहनों पर शादी वाले पोस्टर लगाये गये। बाराती बनकर छापेमारी दल वीरडीह घाट पर पहुंचे और वहां से 16 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त कर लिया। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावा खनन विभाग की पूरी टीम और पुलिस बल शामिल था। जब्त वाहनों के खिलाफ ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कागजी कार्रवाई की जा रही है। वहीं ग्रामीण ने बताया कि सफेद बालू के काले कारोबार में सफेदपोशों के साथ क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों का हाथ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया सफेदपोश और प्रभावशाली लोगों का दबाव रहने के कारण ही बालू लदे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर संबंधित थाना की पुलिस किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करती है। यहां तक कि पुलिस दुर्घटना की जानकारी होने तक से इनकार करती है। बताया जा रहा है कि डीएमओ बाराती के वेश में उक्त गांव पहुंचे थे। इससे साफ जाहिर होता है कि स्थानीय पुलिस के मिलीभगत से इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा है। वहीं इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि सभी हाईवा एक सफेदपोश नेता के संरक्षण में चल रहे थे।

# मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन से 36.65 किलोग्राम गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुरी।** मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन से 36.65 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर मुरी आरपीएफ को सूचना दिया गया कि कुछ व्यक्ति ट्रेन संख्या 150 27 मौर्य एक्सप्रेस में अवैध प्रतिबंधित सामग्री ले जा रहे इसी सूचना पर आरपीएफ मुरी के निगरानी में दो टीमों का गठन किया गया एक टीम इस अभियान के जांच के लिए रांची रेलवे स्टेशन से मोरिया एक्सप्रेस में सवार हुई और दूसरे टीम को मुरी रेलवे स्टेशन पर जांच के लिए तैनात किया गया! इस उपरांत मौर्य एक्सप्रेस में एस आई विकास कुमार सीआइबी रांची और फ्लाइंग टीम रांची के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के साथ रांची से उक्त ट्रेन में जांच करते हुए मुरी स्टेशन पहुंचा दूसरी और मुरी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट मुरी के एस आई पवन कुमार, बसंत मलिक सहीत अन्य कर्मचारी पहले से ही मौजूद थे। जांच के दौरान जनरल कोच में दो पुरुष और दो महिलाएं मिली जो जांच दल को देख कर घबरा गये और अपने सीट से उठकर संदिग्ध तरीके से छीपने के कोशिश करने लगे आरपीएफ द्वारा संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल लिया कि वह अपने बैग में गांजा ले जा रहे है जिससे वह बलांगीर उड़ीसा से अवैध रूप से खरीद कर अपने निजी लाभ के लिए अपने पैतृक स्थान बेचने जा रहे थे। उन सभी को मुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हिरासत में ले लिया गया इस घटना की सूचना तुरंत ए एस सी प्रभारी डीएससी आरपीएफ आरएनसी को दी गयी। तदुपरांत अधिकारी मुरी पहुंचे और उनकी देखरेख में आगे की कार्रवाई की गयी इसके अलावा उनके बैग की तलाशी लेने पर कुल 36.625 किलोग्राम गांजा मिले उक्त गांजा को जप्त कर लिया गया गांजा की मूल्य 18 लाख 32 500 अंकित किया गया गिरफ्तारी में दो महिला दो पुरुष शामिल है।

## खूंटी में एक लाख रुपये मूल्य की अवैध कीमती लकड़ी जब्त, चालक फरार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वन प्रमंडल पदाधिकारी खूंटी कुलदीप मीणा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुंजला चौक, खूंटी के पास अवैध कीमती लड़कियों से लगे एक ट्रक डब्ल्यूबी 11बी 1957 को जब्त कर लिया। इस संबंध में डीएफओ ने बताया कि उन्हें शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध लड़कियों से लदा एक ट्रक सिंहहभूम की ओर से होते हुए नामकुम, रांची की ओर जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएफओ ने प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह के नेतृत्व में गश्तीदल का गठन कर उक्त ट्रक को पकड़ने का निर्देश दिया। गश्ती दल द्वारा शनिवार को प्रातः चार बजे कुंजला चौक के पास ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक का चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। ट्रक पर विभिन्न परिमाप के 61 साल बोटा लदे पाए गए, जिसका बाजार मूल्य लगभग एक लाख रुपये होने का अनुमान है। जब्त ट्रक को प्रमंडलीय कार्यालय परिसर में रखा गया है। गश्ती दल में अविनाश लुगुन, अजय होरो अनिल सोय दीपक मुंडू, अनिल मांझी, रोशन महतो वनरक्षी शामिल थे।

## सीएमयू क्षेत्रीय कमेटी ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शनिवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात की। यूनियन के संयुक्त महामंत्री सह पिपरवार क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात की। इस दौरान यूनियन के लोगों ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी का स्वागत किया। जिसके बाद सीएमडी एनके सिंह ने युनियन के साथ बैठक की। बैठक मे कोयला मजदुरो की कई ज्वलंत समस्या पर चर्चा की गयी।

# बालू का अवैध परिवहन करते कर्रा में छह हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के आदेश के आलोक में जिले में अवैध रूप से बालू के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी खूंटी राम नरेश सिंह द्वारा शनिवार को तड़के साढ़े तीन बजे छापामारी कर कर्रा थाना क्षेत्र के तोरपा-कर्रा मार्ग पर पोढ़ा ग्राम के समीप अवैध बालू लदे छह हाइवा वाहनों को बालू सहित जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षण में कर्रा थाना परिसर में रखा गया है। उक्त वाहनों पर लदा 3,600 घनफीट अवैध बालू को भी जब्त कर लिया गया। जिला खनन पदाधिकारी खूंटी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तोरपा थानान्तर्गत विभिन्न स्थलों कोटेंगसेरा, ऐरमेरे और गिडुम की कारो नदी से बालू का अवैध उठाव कर हाइवा के माध्यम से अवैध बालू को कर्रा होते हुए रांची ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा कर्रा थाना के अवर निरीक्षक भारत भूषण पटेल और पुलिस बल के साथ कर्रा क्षेत्र में छापामारी कर उक्त वाहनों पर लदा 3600 फनफीट बालू को जब्त किया गया।

**बालू के अवैध उत्खनन से कई नदियों का अस्तित्व खतरे में :** प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी तोरपा, कर्रा आदि इलाकों में बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें, तो हर दिन सिर्फ तोरपा क्षेत्र से दर्जनों हाइवा वाहन में बालू की तस्करी होती है। सुबह से शाम तोरपा थाना क्षेत्र की कारो, छात सहित अन्य नदियों से हाइवा और ट्रैक्टर से बालू का अवैध उत्खनन करते देखा जा सकता है। बालू के अवैज्ञानिक अङ्घैर अंधाधुंध उत्खनन से कई नदियों का अस्थित्व ही खतरे में पड़ गया है।

बालू की तस्करी के संबंध में ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें स्थानीय पुलिस का बालू तस्करों को वरदहस्त प्राप्त है। यही कारण है कि जब जिला स्तर के अधिकारी कार्रवाई करते हैं, तभी बालू लदे वाहन पकड़े जाते हैं। स्थानीय स्तर पर नत पुलिस कार्रवाई करती है और न ही अंचल कार्यालय।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की हुई चोरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के महावीर नगर से बुधवार की देर रात चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी की घटना का अंजाम दिया। भुक्तभोगी ओमप्रकाश महतो ने बताया कि महावीर नगर ज्ञानोदय स्कूल के समीप अपने घर के गेट के सामने रात करीब 12 बजे मोटरसाइकिल पल्सर जेएच 01 एफएम 3157 को खड़ा किया था। लेकिन कुद ही देर बाद जब वह घर से बाहर निकला तो पाया कि उसकी मोटरसाइकिल नही है। जिसके बाद अगल बगल काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक नही मिली। वहीं ओमप्रकाश ने शुक्रवार को इस संबंध में खलारी थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराया है साथ ही पुलिस से बाइक का पता लगाने का गुहार लगाया है।

## तोरपा एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामजतनन साहू के पुत्र सुनील कुमार साहू(45 वर्ष) ने शनिवार को सुबह अपने घर के पीछे स्थित इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले भी वह दो बार आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। पुलिस ने शव को सदर अस्पताल खूंटी में पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। सुनील साहू भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता था। कुछ दिन पहले ही उसने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की थी। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा के विधायक कोचे मुंडा सुंदारी पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया।

# मतगणना कर्मियों को दिया गया मतों की गिनती का प्रशिक्षण

**निर्वाची पदाधिकारी, 11-खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र लोकेश मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मतगणना कार्य के सुचारु और सफल संचालन कें लिए प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा शनिवार को लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतगणना कर्मियों को कार्य और दायित्वों से अवगत कराते हुए पोस्टल बैलेट गणना और सामान्य वोटों की गिनती संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में गणना सुपरवाइजर, गणना माइक्रोआब्जर्वर और गणना सहायक शामिल हुए। निवार्ची पदाधिकारी, 11-खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र लोकेश मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। साथ ही मतगणना कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने मतगणना संबंधित प्रश्नोत्तर के माध्यम से मतगणना कर्मियों की कार्य कुशलता की जांच की। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी मतगणना कर्मी बिरसा कॉलेज, खूंटी स्थित मतगणना केंद्र में अपने-अपने टेबल पर ससमय पहुंच जाना सुनिश्चित करेंगे। बताया गया कि मतगणना के दिन चार जून को प्रातः छह बजे समाहरणालय स्थित पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम और प्रातः सात बजे बिरसा कॉलेज स्थित बज्रगृह को खोला जायेगा। प्रशिक्षण दौरान के मास्टर ट्रेनरों द्वारा गणना कर्मियों को विस्तार से बताया गया कि संबंधित दस्तावेजों का किस तरह मिलान कर मतगणना परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करनी है। इवीएम की कंट्रोल यूनिट के माध्यम से किस तरीके से मतों की गणना करनी है, इसकी जानकारी दी गयी। बताया गया कि सबसे पूर्व डाक मतपत्र की गणना आरंभ होगी। इसके पश्चात इवीएम की कंट्रोल यूनिट द्वारा मतों की गणना प्रारंभ होगी।

डाक मतपत्र गणना कर्मियों को बताया कि पोस्टल बैलेट की गिनती कैसे करनी है। वैध एवं अवैध मतपत्र होने का कारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम और प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप की देखरेख संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार ओझा, विष्णुनंद तिवारी, देवेंद्र गोप, श्रवण बारला सहित अन्य मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## फुटबॉल लीग में एफसी पुंडिदिरी 2-0 से जीती



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच मुंडा ब्रदर्स और एफ सी पुण्डिदिरी के बीच आमलेशा मैदान में खेला गया। इस मैच को एफ सी पुण्डिदिरी ने 2-0 से जीता। मैच में एफ सी पुण्डिदिरी के लिए कालीचरण महतो ने 21 वे मिनट और त्रिलोचन मुण्डा ने 81 वे मिनट में गोल किया। मैच के दौरान कन्हैया सिंह, हरीश मुंडा, हीरालाल दास, निशांत भेंगरा,रितेश गुप्ता प्रेम पूर्ति आदि गन्यमान्य लोग उपस्थित थे। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा और गखेन मुंडा कर रहें थे रविवार का मैच एफ सी कुंदला और जांबाज ब्रदर्स के बीच होगी।

## अनियंत्रित होकर कार गड्ढे में गिरी, एक की मौत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा सड़क पर ईचाडीह गांव के निकट रांची से जमशेदपुर जा रही कार अनियंत्रित होकर रोलिंग तोड़ते हुवे सड़क से बाहर गड्ढे में जा गिरी जिससे घटनास्थल पर एक कार सवार सन्नी कुमार की मौत हो गयी। कार में तीन लोग सवार थे। दो घायल हैं जिसका इलाज तमाड़ अस्पताल में किया गया घायल में अंकित यादव 29 साल पिता राजेश यादव सोनाली जमशेदपुर व आयुष दुबे 23 वर्ष पिता धर्मेंद्र दुबे सोनाली जमशेदपुर है घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटी और लोगों की सहायता से दोनों घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहां दोनों घायल खतरे से बाहर बताई जा रहे हैं।

## वज्रपात से एक की मौत, दो घायल

**मुरी (आजाद सिपाही)।** शनिवार को चार बजे के आसपास तेज आंधी तुफान और बिजली कड़कने से एक महिला की मौत हो गयी और उनके दो पुत्र घायल हो गया। इनको सिंहपुर नर्सिंग होम में इलाज किया जा रहा है। ये सभी खेत में काम कर रहे थे। यह लोग सिल्ली बनता के रहने वाले हैं। मृतक महिला का नाम रेणुका दवी, घायल इंदर सिंह मुंडा और मुकेश कुमार है।

## सुइसा रेल फाटक के समीप रेल पेंटो तार टूट कर गिरने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**मुरी (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली से पुरी चलने वाली नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन में मुरी-चांडिल रेल खंड के सुईसा रेल फाटक के पास रेलवे ओवर हेड तार (पेंटों) गिरने से दो यात्री चपेट में आ गये। जिससे वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में झालदा प्राथमिक इलाज के बाद मुरी सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। एक यात्री राहुल कुमार और दुसरा राम शंकर दोनों रायबरेली के रहने वाले हैं। उनके परिजन ने बताया कि धटना सुबह साढ़े सात के आसपास का है। दोनों फ्रेश होने दरवाजा के पास गये थे, उसी समय तार के चपेट में आ गये। डाक्टर ने बताया कि हेड इंजुरी है। अन्य किसी के मौत की खबर नहीं है। रेल मंडल के सीनियर डाक्टर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। धटना से नीलांचल एक्सप्रेस के अलावा बरकाकाना टाटा पैसेंजर विलंब से खुली।

## नाली निर्माण कार्य में गड़बड़ी पर मुखिया ने किया निरीक्षण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज के जागृति विहार के समीप नाली निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी ने शनिवार को निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुखिया को ग्रामीणों ने बताया कि नाली निर्माण के दौरान पानी नही दिया जा रहा है और मनमाने तरीके से कार्य हो रहा है। मुखिया ने ग्रामीणों को कहा कि यह नाली निर्माण कार्य में हर तरह से गुणवत्ता का खयाल रखना है ताकि यह बनने के बाद ही टूटने नही लगे।उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जब तक संबंधित कार्य के इंजीनियर एव ठेकेदार कार्यो की गुणवत्ता संबंधित जानकारी नहीं देते है तो कार्य बन्द रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि गुलमोहर शिव मंदिर से जागृति विहार तक नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है जो ठीक से नही किया जा रहा है वही ग्रामीणों की कोई बात ठेकेदार सुनते नही है। मुखिया ने कहा कि विकास कार्य में अनियमितता बर्दाशत नहीं किया जायेगा।

## ग्रामीण बैंक ने कैंप का आयोजन किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के नगर प्रशासक के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज हेतु नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में एक्टिव महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा भाग लिया गया एवं 11 समूहों ने बैंक लिंकेज के फॉर्म प्राप्त कर भरने की प्रक्रिया की। इनमें से 3 समूहों का फॉर्म बैंक मैनेजर को समर्पित किया गया, जबकि शेष फॉर्म सोमवार और मंगलवार को जमा किए जायेंगे।

## जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात घर तोड़ कर चट कर गये अनाज



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रशासन और वन विभाग के कथित प्रयास के बाद भी खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमनें का नाम नहीं ले रहा है। हर रात कोई न कोई गांव में गजराज लोगों के घरों को ध्वस्त कर धान, चावल, गेहूं सहित अन्य अनाज कों चट कर जा रहे हैं तथा घर में रखे सामानों को बर्बाद कर रहे हैं। तोरपा प्रखंड के तपकारा तेतर टोली में शुक्रवार की रात लगभग एक बजे जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। गांव की नंदी पहनाइन तथा धुचा पाहन के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे धान, चावल आदि अनाज खा गये। हाथियों ने घर के एस्बेस्टस तथा दरवाजा को भी तोड़ दिया। सूचना मिलने पर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया वहां पहुंचे तथा क्षति का जायजा लिया। उन्होंने वन विभाग से जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बाईक चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाईक के साथ एक युवक को पकड़ा। युवक सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर, मधुकम निवासी प्रीत साव के पुत्र विष्णु साव के रूप में हुई । पुलिस उसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार आरोपी विष्णु साह और उसका सहयोगी मुखिया जी जो सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के ही टंगराटोली का रहने वाला है, मिलकर रातू थाना क्षेत्र के कमड़े से 29 मई को बाईक जेएच 01 ईडब्ल्यू 8987 को चोरी कर ली थी। 31 मई की शाम तिलता चौक में पुलिस को बाईक चेकिंग करता देख आरोपी विष्णु भागने लगा। पुलीस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और बाईक के कागजात की जांच की तो बाईक चोरी की पाई गई।गिरफ्तार आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया की वर्ष 2020 में भी वह सोना चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है।

# बेड़ो सीएचसी में बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे मरीज

## प्रसूति कक्ष में खराब पड़े स्विच बोर्ड को मरीज के परिजनों ने बनवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी नहीं होने से मरीजो को भारी परेशानियां हो रही है। वही महीनों से प्रसूति कक्ष में स्विच बोर्ड खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण बिजली रहने के बावजूद मरीजों को अंधेरे में रहना पड़ता है। वही भीषण गर्मी में पंखा खराब पड़ा हुआ है।मरीज के स्वजनों का कहना है कि यहां बिजली नहीं रहने पर पानी की समस्या हो जाती है। वही इस समस्या पर अभी तक पहल नहीं हो पाया है। मरीज व उनके स्वजनों को चापाकल से पानी लाना पड़ता है। यह सब जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के



जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मौजूदा हालात में सीएचसी के मरीज अपने घर व चापाकल से पानी लाकर हाथ धोने और अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। कहने को तो अस्पताल परिसर में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी है जिसके माध्यम से पानी चढ़ाने के लिए समरसेबुल सोलर पंप व टंकी लगाए गए हैं, लेकिन यह महज दिखावा बना हुआ है। साथ ही बाथरूम में पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इधर शनिवार केंद्र में कैलाश कुमार पत्नी के साथ इलाज कराने पहुंचे जहां स्विच बोर्ड को मिस्त्री बुलाकर बनवाया तब जाकर यहां लाइट जली। वही महिलाओं का कहना है कि बाथरूम में पानी व बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि जब से यह सीएचसी बना है तभी से पानी की समस्या हैं। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है।जबकि अस्पताल में हर दिन दर्जनों मरीजों, स्वजनों और कर्मियों को पानी की जरूरत है। अस्पताल में जलापूर्ति नहीं होने से मरीज से लेकर अस्पताल कर्मी पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं। सर्वाधिक परेशानी इलाज के लिए बाहर से आए गर्भवती महिलाओं और उनके स्वजनों को उठाना पड़ता है। इस सीएचसी पर हजारों की आबादी निर्भर है। अस्पताल में हर दिन एक दर्जन से अधिक गर्भवती महिला औसतन आते हैं। मरीजों के साथ उनके स्वजन आते हैं।

## बड़कीगोड़ाग गांव में वन रक्षाबंधन कार्यक्रम

### पेड़ों में रक्षासूत्र बांध ग्रामीणों ने पेड़ नहीं काटने का लिया संकल्प, लगाये गये पौधे

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के बड़कीगोड़ाग गॉव संगठन के मामले में काफी सुरखियॉ बटोर रही है। विदित हो कि इस गॉव में एस्टीआई हब (डी.एस.टी) के द्वारा लोगों को जागरूक की गई है। तब से गॉव में प्रत्येक सप्ताह सप्ताहिक ग्राम सभा कर गॉव के विकास से सम्बंधित योजना बनाकर खुद से कार्य को करने का प्रयास करते हैं। पिछले वर्ष डेढ़ किमी कच्ची रोड श्रमदान से बनाकर अपने संगठन का परिचय दिया वहीं पेड़ों में रक्षासुत्र बॉध पेड़ नही काटने का भी संकल्प लिया था । इसी कड़ी में आज शनिवार के दिन पेड़ रक्षासुत्र बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सुरूवात पहान भुनेशवर मुण्डा द्वारा पेड़ों का विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर की गई। अतिथि के रूप में मुखिया भुवनेशवर



बेदिया, वनरक्षी कृष्णा महतो एवं एस्टीआई हब के पीसी शुभांकर शाहा उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पौधे भी लगाये गये। मुखिया भुवनेशवर बेदिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य हो गया है। इस लिए हम सब पूरे पंचायत में परिवार के सदस्य के संख्या के बराबर पेड़ लगायेंगे। जिसका सुरूवात पांच जून से प्रारंभ की जाएगी।

वहीं कृष्णा महतो ने भी ग्रामीणों के कार्यो का सरहना करते हुए कहा की जंगल रक्षा के प्रति लोग काफी जागरूक हैं आज पेड़ रक्षासुत्र बॉध कर पेड़ और मनुष्य में एक सम्बन्ध स्थापित हो गया है। जिस तरह भाई अपने बहन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं उसी प्रकार पेड़ भाई स्वरूप हमारी रक्षा करेगी। कार्यक्रम का संचालन पहलू बेदिया एवं धन्यवाद ज्ञापन जयराम बेदिया के द्वारा किया गया। मौके पर ललकू बेदिया, ललसाय मुण्डा, एस्टीआई हब प्रतिनिधि गम्भीर महतो, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोनी कुमारी, जगदीश भोगता, बलसाय मुण्डा, सोनाराम बेदिया, घर्मनाथ बेदिया, घुरना बेदिया आदि उपस्थित थे।

## सिरका पंचायत: मुखिया ने चापाकल बोरिंग में लगाया मनमानी करने का आरोप

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा ने चापाकाल बोरिंग में पेयजल व स्वच्छता विभाग पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत के अति आवश्यक और आबादी वाले क्षेत्र में 5-5 चापाकाल बोरिंग कराया जाना है। परंतु सिरका पंचायत में इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। यहां मुखिया को पूर्व सूचना दिए वगैर मनमाने ढंग से व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए जहां तहां चापाकाल बोरिंग कराया जा रहा है।

## अमरप्रीत सिंह काले की मां की अंतिम यात्रा आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अमरप्रीत सिंह काले की मां का 31 मई को अपराह्न 3 बजे स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को साकची कालीमाटी रोड स्थित आवास से सुबह 10 बजे स्वर्णरिखा बर्निंग घाट के लिए निकलेगी। इनका पार्थिव शरीर सुबह 9.30 बजे आम लोगों के दर्शन हेतु रखा जायेगा। इसके बाद 10 बजे अंतिम यात्रा स्वर्ण रेखा बर्निंग घाट के लिए निकलेगी।

## इटकी और आसपास के दर्जणों गावों में विभिन्न कारणों से आठ घंटे बिजली की आपूर्ति ठप रही

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी और आसपास के दर्जणों गावों में विभिन्न कारणों से आठ घण्टे विजली आपूर्ति ठप रही। विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने से जलापूर्ति बंद रहा वही लोगों के घरेलू काम काज बुरी तरह प्रभावित रहा। प्रचण्ड गर्मी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खाश कर इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में भरती मरीजों के कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।बिजली आपूर्ति बाधित रहने से क्षेत्र के छोटे बड़े उद्योग धंधों में भी प्रतिकुल असर पड़ा। जिससे हटिया ग्रिड में तकनिकी गड़बड़ी आ गई ।जिससे इटकी बेड़ो फीडर में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। विद्युत कर्मियों द्वारा करीब पौने तीन बजे गड़बड़ी को दूर कर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल की गई, किन्तु दस मिनट पर ही इटकी बाहरी तलाब के निकट ग्यारह हजार के हाई वोल्टेज तार लड़ गये जिससे पुनः विधुत आपूर्ति वाधित हो गया। इधर इटकी सबस्टेशन में टी आर डब्ल्यू ट्रांसफार्मर लगाये बिजली आपूर्ति ठप रहा। शाम करीब छह बजे सभी गड़बड़ियों को दूर क्षेत्र बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गयी।

## बेड़ो में वर्षा की कामना को लेकर हुई बूढ़ी करम की आराधना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में भीषण गर्मी से राहत पाने को लेकर ग्रामीणों ने करम की डाली लेकर गांवों में परिभ्रमण करते हुए बूढ़ी करम का पर्व मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने पहानों की अगुवाई में करम डाली की पूजा अर्चना करते हुए परंपरागत नाच गान के साथ गांवों का परिभ्रमण किया। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि बूढ़ी करम की आराधना से भीषण गर्मी के दौरान वर्षा होती है। जिससे लोगों को राहत मिलती है। यह एक पुरानी सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक परंपरा है।

# चार दिन बाद भी गैंगरेप के आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

## विरोध में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने निकाली आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत लालखटंगा पंचायत के पोखरटोली गांव में पिछले दिनों 27 मई को देर रात सेना के जवान की पत्नी से गैंगरेप का मामला सामने आया था। जिसके बाद पीड़ित महिला के बयान पर खरसीदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले को लेकर ग्रामीण एसपी, डीएसपी और नामकुम थाना प्रभारी पीड़ित महिला से मिले थे। जिसके बाद पुलिस रेस हुई और महिला का मेडिकल कराया था। गौरतलब है कि महिला का पति संजय कच्छप लेह लद्दाख में पोस्टेड है।



वे मूल रुप से खूंटी जिले के कर्रा का रहने वाला है। जो वर्तमान में परिवार के साथ कोकर में किराये के मकान में रहता है। जवान खरसीदाग के लालखटंगा पंचायत अंतर्गत पोखर टोली में जमीन लेकर घर बना रहा है। वहीं, जवान की पत्नी 15 दिनों से अर्ध निर्मित मकान को बनाने के लिए पोखर टोली में अपने बच्चों के साथ रह रही थी। इस दौरान पिछले सोमवार रात 1 बजे कुछ युवक उसके घर में प्रवेश कर गए और महिला के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना को चार दिन से अधिक का समय बीत चुका है। बावजूद इसके अब तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी। विरोध में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले शनिवार को नामकुम बाजार, महाराणा चौक होते हुए सदाबहार चौक तक आक्रोश रैली निकाली गयी। जिसका नेतृत्व कैप्टन कैलाश कुमार, सूबेदार निलांबर झा एवं अरुण झा कर रहे थे। आजाद सिपाही से बात करते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा है कि इस मामले को लेकर जितना मदद अपने स्तर से किया जा सकता है, हमलोग कर रहे है। रैली में काफी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन शामिल हुए।

# न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने दुष्कर्मी मुकेश दी 10 साल की सजा

## 50 हजार जुर्माना लगाया, नहीं देने पर अतिरिक्त 10 माह की सजा काटनी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के न्यायालय से अभियुक्त मुकेश लाल महतो को बालात्कार केस में 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई तथा 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। वहीं जुमार्ना राशि नहीं देने पर अतिरिक्त 10 महीने की सश्रम करावास काटनी पड़ेगी। विदित हो कि वाद संख्या एसटी 299/2015 कांके थाना कांड संख्या 151/2014 माननीय न्यायालय रांची में चल रहा था। इस वाद में शनिवार को माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया। ज्ञात हो कि उक्त केस में अभियुक्त द्वारा पीड़िता से शादी का झांसा देकर 6-7 वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। बाद में वह शादी करने से मुकर गया। पीड़िता के इंकार करने पर जबरन अभियुक्त ने पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाया। इस दौरान वह वर्ष 2012 और 2014 में दो बार गर्भवती भी हुई। इस बीच अभियुक्त उसे मातृछाया अस्पताल, सीएमपीडीआई ले गया तथा पेट में पल रहे भ्रूण का गर्भपात भी करा दिया था। जब पीड़िता तथा उसके माता-पिता द्वारा अभियुक्त एवं उसके माता-पिता को विवाह करने के लिए कहा तो उनके द्वारा स्पष्ट रूप से विवाह करने से इनकार कर दिया गया। अभियोजन पक्ष अभियुक्त के विरूद्ध लगाये गये आरोप को साबित करने में सफल रहा।

अभियुक्त के तरफ से अधिवक्ता सुजय दयाल ने उनका पक्ष रखा। जबकि अभियोजन पक्ष के तरफ से लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बहस किया।

## उग्रवाद और अपराध राज्य के विकास में बड़ा बाधक : मुस्तफा अंसारी

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सामाजिक कार्यकर्ता और झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने उग्रवाद एवं अपराध को झारखंड के विकास में बड़ी बाधक बताया। कहा कि इन दिनों झारखंड में उग्रवाद और अपराध चरम पर है। खासकर राजधानी रांची की जनता इन अपराधिक घटनाओं से काफी दहशत के माहौल में हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा सी गयी है। यही वजह है कि बड़ी कंपनिया झारखंड में निवेश करने से डरती हैं और यहां नहीं आना चाहती हैं। हाल के दिनों में मैक्सलुकीगंज में घटी उग्रवादी घटना, गुमला में उग्रवादियों द्वारा पोस्टर चिपका कर लेवी की मांग, चुटिया रांची में एक बार रेस्टुरेंट के डीजे बॉय की गोली मारकर हत्या, अपराधियों द्वारा रातु रोड में बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे एक व्यक्ति से छिनतई, हिन्दपीढ़ी के नजदीक उपराष्ट्रपति के निजी सचिव रहे अशफाक की पत्नी से चैन स्नेचिंग की घटना सहित कई अन्य हुई वारदातों से यह प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन उग्रवाद और अपराध को रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है।रोजगार के अभाव में युवा वर्ग मुख्यधारा से अलग होकर गलत रास्ता अख्तियार कर लेता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से राज्य में कानून का राज स्थापित करने के लिए ईमानदारी पूर्वक कार्य करने तथा सामुदायिक सहयोग से राज्य को उग्रवाद और अपराधमुक्त बनाने की अपील की ताकि लोग भयमुक्त वातावरण में जी सकें।

## मुरतो में मंडा पूजा झूलन के साथ संपन्न



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुरतो गांव में नव युवक संघ मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में शनिवार को झूलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिव उपासना का महापर्व मंडा पूजा संपन्न हो गया।इससे पूर्व शुक्रवार की रात्रि धुआसी, लोटन सेवा के बाद भक्तियो ने हर-हर महादेव के गगन चुंभी जयघोषो के बीच फुलकुंदी का अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में मंडा पूजा समिति मुरतो द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इसका लोगो ने पूरी रात लुत्फ उठाया।वही पुजारी कमल दास ने पाठ भोक्ता अमन गोप ने पुरे विधि -विधान के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराया। जिसमें 70 पुरुष भोक्ता और 70 महिला सोगत्ताइनो ने दहकते अंगारो पर चल कर अपनी भक्ति की शक्ति का परिचय दिया। इधर शनिवार को झूलन के दौरान भक्तियो द्वारा आस्था के फूल बरसाए गए। जिसे पाने के लिए हर कोई लालायित थे। वहीं रात्रि में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह को सफल बनाने में समिति के सुदर्शन प्रसाद गुप्ता,संजीत साहू,आनंद गुप्ता,ईश्वर साहू, महावीर साहू, क्लीन्द्र साहू,आनंद साहू,राजेश कुमार, विष्णु प्रसाद गुप्ता,अरुण साहू, नंदु सिंह सहित सभी ग्राम वासी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## रातू पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान




**रातू (आजाद सिपाही)।** क्राइम कंट्रोल को लेकर शनिवार को रातू पुलिस ने थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी के नेतृत्व में तिलता ब्रिज, काठी टांड,मखमन्द्रों के अलावा अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ो चार पहिया, तीन पहिया ऑटो व बाईक को रोककर चेकिंग किया। इस दौरान बिना हेलमेट , बिना लाइसेंस,वाहनो की कागजात में त्रुटि रहने व त्रिपल लोड बाइक सवार लाखों रुपया का चालान काटा गया। थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी ने बताया कि क्राइम कंट्रोल व बाइकर्स की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आज के अभियान में 12 वाहनो से करीब 67 हजार का चालान काटा गया है। वही बिना हेलमेट लगाये बाइक चलाने वालो को फटकार भी लगाई।

## रातू के मुरगू में निकली कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रातू (आजाद सिपाही)** प्रखंड के मुरगू स्थित धर्मेश्वर धाम शिव-हनुमान मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 551 महिलाएं मंदिर परिसर से मुरगू चौक होते हुए नदी पहुंची एवं वहां पुरोहित अनिल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया। इसके उपरांत महिलाएं वापस मंदिर परिसर तक आयी। वहां कलश स्थापित कर पूजन के पश्चात कीर्तन-भजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर रात में जगराता का भी आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस कलश यात्रा के समापन में मंदिर समिति के संरक्षक लखन गोप, महावीर विश्वकर्मा, भोला सिंह, राजकुमार यादव, जीवन मिर्धा, बबलू साहू, रामानंद तिवारी, गंगू पाहन, सुजीत सिंह, महावीर यादव, सत्यनारायण यादव, रंजीत वर्मा, विमलेश कुमार, मनोज यादव, संदीप सिंह ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# बेड़ो में खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से दो की मौत, तीन घायल

### खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहा, एक महिला और एक युवती की मौत, एक छात्रा, एक युवती एवं एक महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव के बौली सोकरा जंगल के समीप बौली गढ़ा में शनिवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मिट्टी खुदाई के दौरान मिट्टी धसने से घटना स्थल पर ही एक 35 वर्षीय महिला बरती उरांव पति धन्नो भगत व एक 23 वर्षीय युवती सोमेश्वरी धान पिता स्व बाना भगत की दर्दनाक मौत हो गई। वही मॉडल स्कूल बेड़ो की 15 वर्षीय छात्रा अमृता कोया पिता



शिवराज कोया 20 वर्षीय पंची लकड़ा पिता स्व चमरा उरांव व 24 वर्षीय यशोदा कुमारी पति मनोज लकड़ा घायल हो गई। तीनो घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डा मेघा भगत की देख रेख में इलाज किया गया। बताया जाता है कि सभी महिलाएं नेहालु पंचायत की रोगो गांव निवासी हैं। जो अपने घरों में लेपन कार्य के लिए सभी महिलाएं मिट्टी की खुदाई कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी के धंसने से उनके ऊपर मिट्टी का मलवा जा गिरा। जिससे यह हादसा हुआ। इधर घटना के बाद हर तरफ चीख-पुकार मच गई थी। दो महिलाओं की लाश मिट्टी में दबी थी। उनके स्वजन और बच्चे बिलख रहे थे। हर कोई घटनास्थल की तरफ भाग रहा था। देखते ही देखते पूरा रोगो व बोदा दोनों गांव सहित आसपास के लोग जमा हो गए। वही घटना की तत्काल सूचना पाकर बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव एसआई रौशन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं महरू गांव के समाज सेवी साबिर मीर व श्रवण खान नेहालु मुखिया वीरेंद्र भगत पूर्व मुखिया सुनील कच्छप बबलू लोहरा व देवानंद सिंह द्वारा जेसीबी मंगवा कर पुलिस-प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से मलबा को हटाकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया।वही घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। भूस्खलन से मिलने वाली मुआवजा राशि को पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। इधर बेड़ो पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

**तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया**

घटना में मृतक महिला बरती उरांव के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिनमें 15 वर्षीय रवि उरांव जो जनता हाई स्कूल दिघिया में 10वी कक्षा में पढ़ता है।बेटी मीना उरांव जो जहानाबाज स्कूल में कक्षा आठवीं में पढ़ती है।छोटा बेटा राहुल उरांव रोगो स्कूल में कक्षा पांचवी में पढ़ाई करता है। इन बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। घटना से इन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है.

**कान पकड़ते हैं, अब मिट्टी लाने नहीं जायेंगे**

गांव की महिलाएं समय-समय पर सफेद पोतनी मिट्टी लाती रहतीं हैं।बोदा गांव के बौली गढ़ा के पास यह मिट्टी ज्यादा मिलती है। कई महिलाएं पोतनी सफेद मिट्टी निकाल कर बेचती भी हैं। साथ ही अपने घरों को मिट्टी से घर को लीपती हैं। दीवारों को रंगती भी हैं। वही कई महिलाएं कह रही थीं कि अब कान पकड़ते हैं, मिट्टी लाने नहीं जायेंगे। वही घटना स्थल में कई बोरे में भरकर मिट्टी रखी हुई थी।

